प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक– 16.04.2025

- **थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा लूट व चोरी के अभियोग का सफल अनावरण, 03 शातिर चोर/लूटेरे अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 16.04.2025 को प्र0नि0 श्री सुभाष बाबू अत्री थाना मंसूरपुर मय हमराहीगण द्वारा थाना मंसूरपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 106/2025 धारा 309(4),351(2) बीएनएस व थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 120/2025 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. मौहम्मद शाहिल पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी किदवई नगर थाना खालापार, मुजफ्फरनगर, 2. मौहम्मद फिरोज पुत्र मौहम्मद अनवर निवासी बकब दारूल उल्लूम थाना देवबन्द, सहारनपुर, व 3. साहिल पुत्र रिजवान निवासी मदीना गार्डन जामिया नगर थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को गुप्ता रिजोर्ट से लच्छेडा जडौदा जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 तमंचे मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 चाकू नाजायज, 01 कैमरा, 02 रास बकरी व घटना में प्रयुक्त 01 हयुंडई कार नम्बर यूपी 12 बीआर 9353 बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना भौराकलां पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शराब सहित गिरफ्तार–**

  दिनांक 16.04.2025 को थाना भौराकलां पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिव सिंह मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त आरिफ पुत्र मौसम निवासी ग्राम शिकारपुर थाना भौराकलां, मुजफ्फरनगर को शिकारपुर–भौराकलां मार्ग पर ग्राम गढ़ीनौआबाद के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 44 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भौराकलां पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 40/2025 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना ककरौली पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 04 हत्याभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 16.04.2025 को थाना प्रभारी ककरौली श्री जय सिंह भाटी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 55/2025 धारा 103(1),109(1),115(2),333,351(2),315(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. श्रवण पुत्र जगमोहन उर्फ सप्पड 2. शिव कुमार पुत्र शुगनचन्द 3. नितिन पुत्र शगुनचन्द व 4. आकाश पुत्र शगुनचन्द निवासीगण ग्राम कैडी थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को ग्राम दरियापुर यात्री शेड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से आलाकत्ल 01 लोहे की रॉड, 01 सरिया, व 02 लकडी के डण्डे बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ककरौली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

  दिनांक 15.04.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री पिंकू सिंह मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त आसिफ पुत्र शरीफ निवासी दीन मौहम्मद मस्जिद के पास मौ0 दीन मौहम्मद थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को आयकर विभाग गेट के सामने से गिरफ्तार किया गया। अभिुयक्त के कब्जे से 01 चाकू नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 68/2025 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 16.04.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री विकास सिंघल मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1167/17 धारा 392,411 भादवि में वारण्टी अभियुक्त सिराजू पुत्र हनीफ निवासी खालसा पट्टी सूजडू थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 16.04.2025 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री किशनपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा परिवाद संख्या 5719/20 धारा 138 एनआई एक्ट में वारण्टी अभियुक्त अमित उर्फ भूरा पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम कुरथल थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना भौराकलां पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
  दिनांक 16.04.2025 को थाना भौराकलां पर नियुक्त उ0नि0 श्री चन्द्रवीर सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 08/2023 धारा 323,325,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्तगण 1. दीपक पुत्र इन्द्रपाल व 2. जयवीर पुत्र इन्द्रपाल निवासीगण ग्राम मौ0पुर मार्डन थाना भौराकलां, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।